प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 28.04.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. लोकसभा चुनाव के लिये प्रचार अभियान जोर शोर से जारी : भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने कासगंज, मैनपुरी और इटावा में चुनावी जनसभाओं को किया संबोधित।
2. पांचवें चरण के चुनाव के लिये नामांकन प्रक्रिया जारी : 3 मई तक भरे जा सकेंगे नामांकन पत्र : भाजपा प्रत्याशी और केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह कल लखनऊ में दाखिल करेंगे अपना पर्चा।
3. छठे चरण के लिये कल जारी होगी अधिसूचना : 6 मई तक दाखिल होंगे नामांकन पत्र, 25 मई को होगा मतदान।

और

4. उन्नाव में बस और टक की टक्कर में छह लोगों की मौत : 20 से अधिक लोग घायल।

————————

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण के मतदान के बाद अन्य चरणों के लिये चुनाव प्रचार जोर–शोर से चल रहा है। प्रमुख राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के लिये चुनावी रैलियां और जनसभाएं कर रहे हैं। इसी क्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय अमित शाह ने कासगंज, मैनपुरी और

इटावा में धुंआधार प्रचार करते हुए जनसभाओं को संबोधित किया। कासगंज में जनसभा को संबोधित करते हुए श्री शाह ने अयोध्या में प्राणा प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं होने लेकर विपक्ष पर हमला बोला और कहा कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में सभी वादें पूरे किये हैं। इसके बाद अमित शाह ने मैनपुरी और इटावा में भी रैलियों को संबोधित किया। श्री शाह ने मैनपुरी में समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि सपा प्रमुख ने अपने परिवार के पांच सदस्यों को लोकसभा चुनाव में उतार कर यह सिद्ध कर दिया है कि वह परिवारवादी पार्टी है। इसके बाद श्री शाह ने आम चुनाव के संबंध में कानपुर में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक भी की। उधर भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बरेली के आंवला, बदायूं, एटा और आगरा में में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी रैलियां को संबोधित किया।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदो ने पिछले 10 वर्षो में देश का काया कल्प किया है और भारत को एक नई पहचान दी है। उन्होंने कहा कि भारत की विकास यात्रा को आगे बढ़ाने के लिये तीसरी बार मोदी सरकार जरूरी है। कांग्रेस, सपा और बसपा पर आरोप लगाते हुए श्री योगी ने कहा कि इन पार्टियों ने सत्ता में रहने के दौरान लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ किया हैं। उन्होंने भाजपा सरकार की उपलब्धियों को गिनान के

साथ–साथ पार्टी प्रत्याशियों के लिये वोट की अपील भी की।

वहीं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने संभल में पार्टी प्रत्याशी जियाउर रहमान बर्क के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने पहले दो चरणों के चुनाव में भाजपा को करारा जवाब दिया है। अखिलेश यादव ने कहा कि उनके गठबंधन को जनता का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। बरेली के आंवला में भी अखिलेश यादव ने चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव संविधान बचाने की लड़ाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा संविधान बदलना चाहती है, लेकिन जनता इस बार भाजपा को बदल देगी।

सीतापुर में बसपा के नेशनल कॉर्डिनेटर आकाश आनन्द ने पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। आकाश आनन्द ने इंडिया गठबंधन को निरर्थक बताते हुए कहा कि इस गठबंधन के नेताओं के आपस में ही नहीं बनती हैं। आकाश आनन्द ने कहा कि बसपा ने हमेशा दलितों और शोषितों को आगे बढ़ाने के लिये काम किया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में बसपा सबसे अधिक सीटें जीतेगी।

———————————

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिये प्रदेश की 14 लोकसभा सीटों पर 26 अप्रैल से नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। चुनाव आयोग के अनुसार अभी तक इस चरण के लिये कुल चार उम्मीदवारों ने अपने नामांकन दाखिल किये हैं। इस चरण में तीन मई तक नामांकन भरे जा सकेंगे।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ लोकसभा सीट से कल अपना नामांकन दाखिल करेंगे। राजनाथ सिंह तीसरी बार लखनऊ से चुनाव लड़ने जा रहे हैं। भाजपा उम्मीदवार राजनाथ सिंह के नामांकन जुलूस में भाजपा नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, महापौर सुषमा खर्कवाल के अलावा बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल होंगे। इसके साथ ही केन्द्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर भी कल मोहनलालगंज लोकसभा सीट से पर्चा दाखिल करेंगे।

वहीं जौनपुर से भाजपा प्रत्याशी कृपा शंकर सिंह और मछलीशहर से भाजपा प्रत्याशी डीपी सरोप कल अपना नामांकन करेंगे।

———————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिये अधिसूचना कल जारी की जायेगी। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि छठ चरण में उत्तर प्रदेश की 14 सीटों पर चुनाव होगा। इसमें सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकर नगर, श्रावस्ती, डुगमरियागंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर और भदोही शामिल है। इन 14 सीटों में से 12 सीटें सामान्य और लालगंज व मछलीशहर सीट अनुसूचित जाति के लिये आरक्षित है। इन सीटों पर उम्मीदवार 6 मई तक अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे और नामांकन पत्रों की जांच 7 मई को होगी। उम्मीदवार 9 मई तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। इन सीटों के लिये मतदान 25 मई को होगा।

——————————

सपा नेता और संतकबीरनगर जिले के पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण चौबे अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गये। लखनऊ में भाजपा के प्रदेश कार्यालय में दिग्विजय नारायण चौबे के साथ संतकबीरनगर के जिला पंचायत अध्यक्ष बलराम यादव, उपाध्यक्ष कौशल चौधरी सहित कई सपा नेताओं को भाजपा की सदस्यता दिलायी गई। भाजपा में शामिल सपा नेताओं का स्वागत करते हुए उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण की योजनाओं से लोगों का विश्वास पार्टी के प्रति मजबूत हुआ है। उन्होंने भाजपा से जुड़े नये सदस्यों से प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने और भाजपा को मजबूत करने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिये कहा।

————————

अमेठी से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने आज अयोध्या पहुंचकर श्री रामलला के दर्शन कर उनसे आशीर्वाद लिया। इसके बाद श्रीमति ईरानी ने हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन भी किया।

————————

उन्नाव में सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव–हरदोई मार्ग पर आज दोपहर एक बस और ट्रक की टक्कर में 2 महिलाओं सहित छह लोगों की मृत्यु हो गई। इस हादसे में 20 से अधिक लोगों के घायल होने के समाचार है। दुर्घटनाग्रस्त बस बांगरमऊ की ओर से उन्नाव जा रही थी। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। क्षेत्राधिकारी सफीपुर ऋषिकांत शुक्ला ने बताया कि इस हादसे में घायल हुए 9 लोगों को जिला अस्पताल उन्नाव और कुछ घायलों को कानपुर के हैलेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ट्रक को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

————————

वाराणसी में कल से संकट मोचन संगीत समारोह की शुरूआत हुयी। बीते सौ वर्ष से आयोजित हो रहा यह संगीत समारोह दो मई तक चलेगा। इस बार समारोह में एक सौ तीस कलाकार अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रस्तुत है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट..........

*सौ साल पूरे कर चुके काशी के सबसे बड़े संगीत समारोह संकट मोचन संगीत समारोह का आगाज शनिवार रात से हो गया। ,2 मई तक चलने वाले काशी ही नहीं दुनिया के फलक पर संगीत का महापर्व के रूप में ख्याति रखने वाले इस समारोह में अबकी बार 130 कलाकार हिस्सा लेंगे। समारोह की पहली निशा की शुरूआत पं. रतिकांत महापात्रा के ओडिसी नृत्य से हुई। संगीत समारोह में सबसे अंतिम प्रस्तुति पंडित साजन मिश्र की रही।*

*अबकी बार संकट मोचन संगीत समारोह में कला वीथिका का भी प्रदर्शन किया जा रहा है, जिसमें हनुमत प्रभु के विविध रूपों की तस्वीरे ं है। इस बार हनुमान जी के 201 स्वरूपों के दर्शन है।*

———————————

इलाहाबाद विश्वविद्यालय में दो दिवसीय पूर्व छात्र सम्मेलन– 'फ़ैमिलियर फेसेस फीएस्टा' कल से शुरू हुआ। इस कार्यक्रम में देश विदेश से आये विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आज शाम आयोजित होने वाले कवि सम्मेलन में डॉ0 कुमार विश्वास अन्य कवियों के साथ अपनी प्रस्तुतियां पेश करेंगे।

———————————

मौसम

प्रदेश में तेज धूप के साथ लू का प्रकोप जारी है। दिन के साथ–साथ रात के तापमान में भी बढ़ोत्तरी जारी है। हालांकि कुछ जिलों में कल हल्के बादल होने से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली है। मौसम विभाग ने कानपुर मंडल सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश के 33 जनपदों में लू की चेतावनी जारी की है। प्रयागराज, लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, मिर्जापुर सहित कई जनपदों में तेज धूप और लू से लोग बेहाल है। इसो तरह

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में गर्मी का कहर जारी है। मौसम विभाग ने तेज गर्मी को देखते हुए एडवाइजरी जारी की है। लोगों को सुबह 11 से दोपहर तीन बजे के बीच धूप में निकलने से बचने की सलाह दी गई है।

———————————